This question paper contains 4 printed pages] 3/12/18 (E)

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **7298**

Unique Paper Code : **62057502** **IC**

Name of the Paper : **DS Elective Hindi Bhasha ka Vyavharik Vyakaran**

(हिंदी भाषा का व्यावहारिक व्याकरण)

Name of the Course : **B.A. (Programme) Hindi CBCS-DSE-I**

Semester : **V**

**Duration : 3 Hours** Maximum Marks : **75**

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

1. भाषा की परिभाषा देते हुए उसकी विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

भाषा और व्याकरण के महत्व को प्रतिपादित करते हुए दोनों के आपसी संबंधों पर प्रकाश डालिए। 12

2. शब्द की व्याकरणिक कोटि के रूप में क्रिया की परिभाषा एवं भेद लिखिए।

**अथवा**

उपसर्ग और प्रत्यय में अंतर स्पष्ट करते हुए शब्द-निर्माण में उनकी भूमिका स्पष्ट कीजिए। 12

3. भाषा में वाक्य के महत्व को स्पष्ट करते हुए उसके विभिन्न अंगों का विवेचन कीजिए।



munotes.in

अथवा

हिंदी में प्रयुक्त विराम-चिह्न कौन-कौनसे हैं ? उनकी उपयोगिता लिखिए। 12

4. अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

हिंदी साधारण जनता की भाषा है। जनता के लिए ही उसका जन्म हुआ था और जब तक वह अपने को जनता के काम की चीज़ बनाकर रहेगी, जनहित में आत्मबल का संचार करती रहेगी, तब तक उसे किसी से डर नहीं है। वह भीतरी अपराजेय शक्ति के बल पर बड़ी हुई है, लोकसेवा के महान व्रत के कारण बड़ी हुई है और यदि मूल शक्ति के स्रोत को भूल नहीं गई तो निःसंदेह अधिकाधिक शक्तिशाली होती जाएगी। उसका कोई कुछ भी बिगाड़ नहीं सकता। वह विरोधों और संबंधों के बीच ही पली है, उसे जन्म के समय ही मार डालने की कोशिश की गई थी, पर वह मरी नहीं है, क्योंकि उसकी जीवन शक्ति का अक्षय स्रोत जनचित्त है। वह किसी राजशक्ति की उंगली पकड़कर यात्रा तय करने वाली भाषा नहीं है, अपने आपकी भीतरी शक्ति से महत्त्वपूर्ण आसन पर अधिकार करने वाली अद्वितीय भाषा है।

munotes.in



(क) हिंदी किसकी भाषा है ? उसकी अपराजेयता का आधार क्या है ? 3

(ख) नीचे दिए गए शब्दों में से किन्हीं **तीन** के वचन बदलिए : 3

भाषा, वह, उंगली, विरोधों, व्रत।

(ग) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। 2

(घ) प्रस्तुत गद्यांश का सारांश लिखिए। 4

5. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **तीन** शब्दों से उपसर्ग और मूल शब्द अलग-अलग कीजिए :

नालायक, अधपका, अनाथ, विज्ञान, परिश्रम। 3

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **तीन** शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : 3

गायक, स्वागत, लोकेश, दिग्पाल, विद्यालय।

(ग) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **तीन** शब्दों के शुद्ध-रूप लिखिए : 3

पृकृति, प्रसाशन, उज्जवल, असमिता, आर्दश।

(घ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **तीन** वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : 3

(*i*) देखा मैंने पेड़ों पर बैठे गिद्ध और चीलों को।

(*ii*) मेरे को खाना खाना है।

(*iii*) वह चलता-चलता रुक गया।

(*iv*) बच्चे को छीलकर सेब खिलाओ।

(*v*) बीती बातों को भुला देनी चाहिए।

(ङ) निम्नलिखित मुहावरे-लोकोक्तियों में से किन्हीं **तीन** के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए : 3

(*i*) गड़े मुर्दे उखाड़ना

(*ii*) छाती पर मूँग दलना

(*iii*) भीगी बिल्ली बनना

(*iv*) खोदा पहाड़ निकली चुहिया

(*v*) सौ सुनार की एक लुहार की।

6. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी कीजिए : 6,6

(क) वर्ण एवं मात्राएँ

(ख) शब्द और पद में अंतर

(ग) स्वर संधि

(घ) संयुक्त वाक्य।



munotes.in